कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

–:: कार्यालय आदेश ::–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–5/स्थानांतरण/भूगोल/2020–21/1–504 दिनांक–04.01.2021 के तहत् दलीप देवठीया व्याख्याता, भूगोल राउमावि काकोडा सुरजगढ झुंझुनू का स्थानांतरण राउमावि. रोलासर चुरू किया गया। उक्त स्थानांतरण आदेश के विरूद्व दलीप देवठीया द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 723/21 दलीप देवठीया, बनाम निदेशक माध्यमिक राजस्थान बीकानेर व अन्य दायर की गई।

उक्त अपील में माननीय अधिकरण ने अपने निर्णय दिनांक 29.01.2021 में अपीलार्थी को अपील में वर्णित तथ्यों के आधार पर अपने सक्षम अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने और अभ्यावेदन प्राप्त हो जाने पर उसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में एक आख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तरित करने और ऐसे निस्तारण की सम्यक सूचना अपीलार्थी को देने के निर्देश प्रदान किये हैं।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में अपीलार्थी द्वारा स्वयं की स्पाइनल कोड की सर्जरी के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि. बीलवा खेतडी झुंझुनूं में किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की है।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर गहनता से विचार एवं मनन किया गया। अतः अपीलार्थी की प्रतिकुल स्वास्थ्य परिस्थिति को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि. बीलवा खेतडी झुंझुनू के व्याख्याता भूगोल के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–5/ दलीप/723/2021/ दिनांकः– 15/02/2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

01. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, जयपुर निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
02. संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
03. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
04. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा ।
05. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
06. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
07. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा ।
08. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु ।
09. संबंधित प्राधानाचार्य/संबंधित कार्मिक
10. निजी/रक्षित पत्रावली

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर